प्रधान मंत्री और लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर, 2017 : माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी और लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की ।

महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राज नाथ सिंह; केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री, भू विज्ञान मंत्री और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, डॉ हर्ष वर्धन; केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री प्रकाश जावडेकर; नेता प्रतिपक्ष (राज्य सभा), श्री गुलाम नबी आजाद; लोक सभा उपाध्यक्ष, डॉ एम तम्बिदुरै; अनेक राज्य मंत्री; पूर्व उप प्रधानमंत्री और आचार समिति (लोक सभा) के सभापति, श्री लाल कृष्ण आडवाणी; संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे । इन नेताओं को श्रदांजलि अर्पित करने वाले गण्यमान्य अतिथियों में श्री लाल बहादुर शास्त्री के परिवार के सदस्य भी शामिल थे ।

लोक सभा के महासचिव, श्री अनूप मिश्र ने भी इस अवसर पर महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष, डा राजेंद्र प्रसाद ने 28 अगस्त, 1947 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में महात्मा गाँधी के चित्र का अनावरण किया था तथा श्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र का अनावरण 2 अक्तूबर, 1993 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डा शंकर दयाल शर्मा ने किया था।